राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 12 : उपयोगकर्ताओं के लिए ग्रंथालय व सूचना सेवाएँ

कार्यपत्रक - 12

1. हम जानते हैं कि सभी गतिविधियों के लिए सूचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप उपयोगकर्ताओं की सूचना-आवश्यकताओं के प्रकारों का वर्णन कीजिए?
2. आपके मतानुसार उपयोगकर्ताओं के लिए संदर्भ सेवा अधिक उपयोगी है या सूचना सेवा और क्यों?
3. ग्रंथालय द्वारा प्रदान की जाने वाली मूलभूत आवश्यक सेवाओं में से कौन-सी सेवासर्वाधिक महत्वपूर्ण हैऔर क्यों?
4. किस प्रकार के उपयोगकर्ताओं द्वारा दीर्घकालीन संदर्भ सेवाओं की माँग की जा सकती है? यह सेवा त्वरित संदर्भ सेवा से कैसे भिन्न है?
5. संक्षेपण प्रकार की सेवाएँ किसी शोधार्थी को परचा लिखने में किस प्रकार सहायक हो सकती हैं?
6. उपयोगकर्ताओं के लिए रेफरल सेवा किस प्रकार सहायक है?
7. एनआईएससीएआईआर की वेबसाइट पर जाइए और पता कीजिए कि क्या वे प्रलेख वितरण सेवा उपलब्ध कराते हैं और क्या वे यह सेवा उन बाहरी उपयोगकर्ताओं को भी उपलब्ध कराते हैं, जो उनके सदस्य नहीं हैं? आपके अनुसार प्रलेख वितरण सेवा किसी ग्रंथालय के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? क्या यह सेवा विद्यालयी ग्रंथालयोंद्वारा भी प्रदान की जा सकती है?
8. आपके अनुसार वर्चुअल संदर्भ सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए कैसे सहायक हो सकतीहै?
9. पाठक परामर्श सेवा का काम उपयोगकर्ताओं को पठन-निर्देश प्रदान करना है। इस सेवा का मूल उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ग्रंथालय का उपयोग करने के लिएप्रोत्साहित करना और पढ़ाई की अच्छी आदत डालना है। यह सेवा उपयोगकर्ता को शिक्षा व मनोरंजन हेतु अच्छी पुस्तकों का चयन करने में सहायक होती है।

   उक्त अनुच्छेद के लिए एक प्रश्न बनाइए।
10. कोविड 19 महामारी के समय में विद्यालयी ग्रंथालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली विशिष्ट सेवाएँ कौन-कौन सी हैं? क्या आपको लगता है कि विद्यालयों को अपनी सेवाओं के संबंध में और काम करने की आवश्यकता है?